भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 433

04 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

आरआईएनएल का कार्य निष्पादन

433. डॉ. सी. एम. रमेश:

श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आरआईएनएल का कार्य निष्पादन और स्थिति क्या है इसका ऋण संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भारत सरकार द्वारा आरआईएनएल के लिए 11,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली अनुमोदित पुनरुद्धार योजना का ब्यौरा क्या है;

(ग) उपर्युक्त अनुमोदित योजना को किस प्रकार क्रियान्वित किया जाना प्रस्तावित है तथा 11,500 करोड़ रुपये में से कितनी राशि पूंजी निवेश के लिए उपयोग की जाएगी;

(घ) क्या उपर्युक्त राशि में आरआईएनएल के श्रमिकों को भुगतान की जाने वाली बकाया राशि भी शामिल हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आरआईएनएल के लिए घोषित पैकेज के उद्देश्य और लक्ष्य क्या हैं;

(च) क्या कर्मचारियों और श्रमिकों के वेतन का भुगतान 2-3 महीने से लंबित है; और

(छ) इसमें देरी के क्या कारण हैं तथा 11,500 करोड़ रुपये के हालिया पैकेज के बाद क्या भारत सरकार उपरोक्त पैकेज से वेतन भुगतान की अनुमति देगी और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (छ): वर्ष 2024-25 (अप्रैल-दिसंबर 2024) के दौरान, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने 2.68 मिलियन टन हॉट मेटल तथा 2.37 मिलियन टन बिक्री योग्य इस्पात का उत्पादन किया। अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान आरआईएनएल की कुल आय ₹12,615.03 करोड़ थी। इस अवधि के दौरान आरआईएनएल ने (-) ₹3943.43 करोड़ (कर पूर्व लाभ) का घाटा दर्ज किया। दिनांक 31.12.2024 की स्थिति के अनुसार, आरआईएनएल की कुल देयताएं लगभग ₹38,965.00 करोड़ है।

जारी...

भारत सरकार ने आरआईएनएल को एक कार्यशील व्यवसाय (गोईंग कंसर्न) के रूप में जारी रखने के उद्देश्य से, आरआईएनएल में इक्विटी पूंजी के रूप में ₹10,300.00 करोड़ के निवेश (सितंबर 2024 में आपातकालीन निधि के रूप में पहले से उपलब्ध कराए गए ₹500.00 करोड़ सहित) तथा ₹1140.00 करोड़ के कार्यशील पूंजी ऋण के 10 वर्ष के उपरांत मोचनीय 7% असंचयी अधिमानित शेयर पूंजी के रूप में संपरिवर्तन को अनुमोदन प्रदान किया है।

इस निवेश का उद्देश्य आरआईएनएल को एक कार्यशील व्यवसाय के रूप में जारी रखने के लिए इसके मौजूदा वित्तीय संकट से उबरने तथा इसकी कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं का लाभ उठाने में सहायता प्रदान करना है।

आरआईएनएल गंभीर वित्तीय बाध्यताओं का सामना कर रहा है इसने अपने कर्मचारियों को सितंबर, अक्टूबर तथा नवंबर 2024 माह के लिए आंशिक वेतन का भुगतान किया है। भारत सरकार ने आरआईएनएल को एक कार्यशील व्यवसाय के रूप में जारी रखने के लिए इसमें पूंजी निवेश किया है।

****